मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड़, बागपत, बिजनौर, बुलन्दशहर, लखनऊ एवं दिल्ली व उत्तराखण्ड प्रदेश से एक साथ प्रसारित

हिन्दी समाचार पत्र

गौरवशाली 12 वां वर्ष

BV NEWS

# बुलन्द वाणी

संजय राजपूत उत्तराखण्ड

28-दिसम्बर-2025

मजलूमों की आवाज...

Email:- bulandvani@gmail.com


















## इंटर कॉलेज जगतेश्वर एवं महाविद्यालय पाबौ के संयुक्त तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रमों का भव्य आयोजन

पौड़ी गढ़वाल, पाबौ। राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर, विकासखंड पाबौ के रजत जयंती एवं वार्षिक उत्सव के अवसर पर, राजकीय महाविद्यालय पाबौ की नमामि गंगे इकाई के सयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना नमामि गंगे कार्यक्रम एवं राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के बैनर तले सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, रोल प्ले, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं नमामि गंगे स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के प्रधानाचार्य श्री नरेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में किया गया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगतेश्वर महादेव के महंत श्री 108 भजनानंद गिरि, विशिष्ट अतिथि में माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जी के क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में मंडल अध्यक्ष श्री विमल सिंह नेगी एवं राजकीय महाविद्यालय पाबौ के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं नमामि गंगे प्रोजेक्ट के नोडल डॉ. मुकेश कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधिवत रूप से जगतेश्वर महादेव की भूमि पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया एवं राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा सभी मंचाशीन अतिथियों का स्वागत वैच अलंकरण एवं स्मृति चिन्ह भेट करके किया गया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के प्रधानाचार्य श्री नेगी जी द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों, ग्राम प्रधान एवं भूतपूर्व छात्रों का स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा सभी सदस्यों से नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों में स्वेच्छा से सहभागी बनने के लिए अपील की ताकि विकसित भारत एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सके। मुख्य अतिथि श्री महंत जी द्वारा विद्यालय के रजत जयंती एवं वार्षिक समारोह के अवसर पर विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की और साथ हि गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को अपने प्राचीन रूप में रखने हेतु तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की अपील की। विशिष्ट अतिथि श्री विमल सिंह नेगी जी द्वारा अपने सम्बोधन में क्षेत्र में विकास कार्यो की जानकारी के साथ समस्त विद्यालय परिवार को इस तीन दिवसीय समारोह की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए भारत सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे से जुड़ने हेतु महिला मंगल दल, अभिभावक एवं ग्राम प्रधानों से अपने क्षेत्र में अन्य लोगो को भी जागरूक करने की पहल की। राजकीय महाविद्यालय पाबौ के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक एवं नमामि गंगे के नोडल डॉ. मुकेश कुमार ने अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नेगी जी, समस्त आध्यापकगण, कर्मचारीगण, अभिभावक, ग्राम प्रधान, महिला मंगल दल एवं छात्रों का धन्यवाद प्रेषित करते हुए भारत सरकार की नमामि गंगे कार्यक्रम की रुपरेखा, संरचना, कार्य एवं प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित सदस्यों के साथ नमामि गंगे शपथ पत्र का वाचन किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य क्षेत्र के आस -पास के विधालयों से समन्वय कर एवं जन – प्रतिनिधियों के सहयोग से स्वच्छता, सहायक नदियों की सफाई, वृक्षारोपण एवं जैविक खेती के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का कुशल संचालन भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता श्री रजनीश सेमवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा छात्रों को नमामि गंगे की टी शर्ट एवं कैप वितरित की गई तथा सभी अतिथियों, आध्यापकों, अभिभावकों एवं महिला मंगल दल की सदस्यों को नमामि गंगे की और से जूट बैग भी भेंट स्वरूप प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सभी अतिथियों, नमामि गंगे नोडल, अभिभावकों, ग्राम प्रधानों एवं आस -पास के गणमान्य लोगों का धन्यवाद प्रेषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आध्यापकगण, कर्मचारीगण, शिक्षाविद्ध, क्षेत्रवासी एवं लगभग 200 छात्र- छात्रायें उपस्थित रहें।

विज्ञापन, समाचार, लेख आदि प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें
व्हाट्सएप नंबर : 9760241521, 82798 37084